# 24 महीने 48 काम

1. देवभूमि में सभी को समान अधिकार देने के लिए समान नागरिक संहिता विधेयक लागू की गई।
2. राज्य में निःशुल्क जांच योजना प्रारम्भ की है। इसके तहत मरीजों को 207 प्रकार की पैथेलॉजिकल जांचों की निशुल्क सुविधा मिल रही है।
3. देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले 90 से ज्यादा लोगों को जेल में डाला है।
4. जबरन धर्मांतरण रोक लगाने के लिये हमारी सरकार ने सख्त धर्मांतरण कानून बनाया है।
5. प्रदेश की महिलाओं को सरकारी नौकरी में उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए हमने तीस प्रतिशत महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण देने फैसला किया है।
6. लैंड जिहाद पर कार्यवाही कर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया।
7. दंगारोधी कानून को कैबिनेट से मिली मंजूरी।
8. राज्य आंदोलनकारियों को भी दस प्रतिशत आरक्षण देने को मंजूरी दी है।
9. 55 से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। महिला स्वास्थ्यकर्ताओं और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

10. उधमसिंहनगर जिले में एम्स ऋषिकेश का सैटेलाईट सेंटर बनने से एक बड़ी आबादी को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

11. हमारी सरकार दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों के विकास को समर्पित है। वोकल फॉर लोकल पर आधारित 'एक जनपद दो उत्पाद' योजना से स्थानीय उत्पादों को पहचान मिलेगी।

12. स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा में आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में देश में लाई गई नई शिक्षा नीति को सबसे पहले लागू किया।

13. नई खेल नीति के तहत मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना में उभरते खिलाडियों को 1500 रूपये प्रतिमाह खेल छात्रवृत्ति के साथ ही अन्य सुविधाएं दी जा रही है।

14. अपणि सरकार पोर्टल, ई–ऑफिस, सीएम हेल्पलाईन आदि सुधारों के द्वारा कार्यसंस्कृति में गुणात्मक सुधार हुआ है।

15. हमने भ्रष्टाचार पर अकुंश लगाने के लिये भ्रष्टाचार मुक्त एप 1064 लाचं किया है। इस एप प्राप्त शिकायतों पर हम गम्भीरतापूर्वक कार्यवाही भी कर रहे हैं।

16. केदारखंड के साथ–साथ मानसखंड के मंदिरों का भी विकास।

17. प्रथम बार उत्तराखंड की झांकी को 26 जनवरी की परेड में प्रथम स्थान।

18. कोविड के विघ्न के बावजूद चार करोड़ कांवड़यात्रियों द्वारा बिना किसी समस्या के कांवड़ यात्रा पूर्ण की गई।

19. 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा चारधाम यात्रा में की गई, यह संख्या वो है जो जिसे हमने रिकॉर्ड किया।

20. ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिये होम स्टे योजना बहुत महत्वपूर्ण है। मैं स्वयं जिलों के भ्रमण के दौरान होम स्टे में रूका हूं।

21. हमारी कोशिश है कि प्रदेश के होम स्टे को पर्यटकों की पहली पसंद बना सकें।

22. हमारे यहां बहुआयामी पर्यटन की अपार सम्भावनाएं है। हमें नये पर्यटन स्थल विकसित करने है। ऋषिकेश रिवर राफ्टिंग का हब बन चुका है। नए रिवर राफ्टिंग स्थानों के चयन हेतु सर्वे भी किया गया है।

23. अभी हमने चम्पावत के टनकपुर में महाकाली नदी में रिवर राफ्टिंग शुरू की है। मैनें खुद वहां रिवर राफ्टिंग की है। कुछ महीनों में प्रदेश में रिवर राफ्टिंग की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।

24. पौड़ी, नैनीताल सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों मे पैरा सैलिंग, पैरा मोटर आदि खेलों के प्रति भी आकर्षण बढ़ा है।

25. रोपवे जहां कनेक्टिविटी का एक नवीन माध्यम है, उसी के साथ–साथ यह पर्यटकों को भी आकर्षित करता है।

26. कुछ माह पूर्व ही आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा गौरीकुण्ड–केदारनाथ और गोविंदघाट–हेमकुण्ट साहिब रोपवे का शिलान्यास किया गया। इनके बनने से श्रद्धालुओं का घंटों का सफर मिनटों में संभव होगा।

27. इसके साथ ही सिद्धपीठ सुरकंडा देवी मंदिर रोपवे शुरू किया जा चुका है। पर्वतमाला परियोजना के तहत रानीबाग से नैनीताल, पंचकोटि से नई टिहरी,

खलियाटॉप से मुन्स्यारी, नीलकंठ, औली से गौरसों रोपवे परियोजनाओं की प्रक्रिया भी गतिमान है।

28. हमारी सरकार, किसानों को तीन लाख रूपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को पांच लाख रूपए तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध करा रही है।

29. जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगभग साढ़े चार हजार जैविक क्लस्टरों में काम शुरू किया गया है।

30. 'फार्म मशीनरी बैंक' योजना के अंतर्गत 80 फीसदी तक सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है।

31. किसानों से 3578 (तीन हजार पांच सौ अठहतर) रूपये प्रति क्विंटल मंडुवा खरीदा जा रहा है और राशन कार्ड धारक को 1 किलो पोष्टिक मंडुवा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। मध्याह भोजन योजना में मंडुवा और झंगोरा भी दिया जाएगा।

32. इससे एक ओर हमारे किसानों की आर्थिकी मजबूत होगी वहीं पोष्टिक अनाज लोगों के लिये स्वास्थ्यवर्धक रहेगा ।

33. हमने पर्यावरण मित्रों का एक दिन का मानदेय बढ़ाकर 500 रूपये किया है।

34. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अतंर्गत बिजली से वंचित सभी गांवों का शतप्रतिशत विद्यतिकरण किया जा चुका है।

35. जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना को केंद्र से निवेश स्वीकृति मिल चुकी है। 120 मेगावाट की व्यासी जल विद्युत परियोजना का निर्माण पूरा किया जा चुका है।

36. हमें केंद्र से 300 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत की स्वीकृति मिली है। 300 मेगावाट की लखवाड़ जल विद्युत परियोजना का कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा

37. देहरादून में भव्य सैन्य धाम की स्थापना की जा रही है।

38. हमारी सरकार, शहीद सैनिकों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित कर रही है। विशिष्ट सेवा पदक से अलंकृत सैनिकों को अनुमन्य राशि में कई गुना बढ़ोतरी की गई है।

39. इस वर्ष हमें जोशीमठ भू धसांव जैसी प्राकृतिक आपदा का सामना करने के लिये स्थानीय लोगों के सहयोग से सरकार द्वारा कुशल प्रबंधन तथा त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों को सुनिश्चित करते हुए किसी प्रकार की जीवन हानि नहीं होने दी गई।

40. हमारी सरकार सभी पर्वतीय शहरों की धारण क्षमता की स्थिति के निर्धारण हेतु एक व्यापाक सर्वे कराने हेतु कार्य कर रही हैं।

41. विस्थापितों के पुनर्वास के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के साथ ही राहत पैकेज देने की घोषणा की है।

42. मुख्यमंत्री रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में तीन सिलेंडर मुफ्त रिफिल दिये जा रहे हैं, जिससे रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद बढ़े हुए गैस के दामों से गरीब परिवारों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

43. उद्यान विभाग में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल रू0 815.66 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

44. पॉलीहाउस हेतु रू0 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

45. मिशन एप्पल योजना के अन्तर्गत रू0 35 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

46. राजकीय नियुक्तियों हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करायी गयी है। जिस हेतु राज्य लोक सेवा आयोग के अन्तर्गत रू0 133.53 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

47. उद्योग विभाग में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल रू0 461.31 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

48. वर्क फोर्स डेवलेपमेंट हेतु 100 कराड़े रूपये व्यय किये जाएंगे।